## संक्षिप्त

### विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया

**निवाई।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई के प्राचार्य एवं यूसीईईओ देवेंद्रपाल सिंह चौधरी ने सोमवार को निवाई शहर के विद्यालयों का औचक निरीक्षण करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सीटी न 3 एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गांधी का औचक निरीक्षण कर विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर विद्यालय की भौतिक व्यवस्थाओं, साफ सफाई, नामांकन, उपस्तिथि, गृह कार्य वर्क बुक की जांच के साथ मिड डे मिल की गुणवत्ता का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्राचार्य सिंह ने बच्चों के साथ मिड डे मिल का स्वाद चखा एवं गुणवत्ता को परखा। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया। अन्य व्यवस्थाओं और रिकॉर्ड का अवलोकन कर सुधारात्मक निर्देश प्रदान किया।

### ग्रामीण क्षेत्र में 4 घंटे आज रहेगी विद्युत सप्लाई बंद

**निवाई।** पहाड़ी विद्युत फीडर के मरम्मत कार्य को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में मंगलवार को 4 घंटे विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। विभाग के कनिष्ठ अभियंता राघव अग्रवाल ने बताया कि पहाड़ी विद्युत फीडर पर मंगलवार को मरम्मत कार्य किया जाएगा। इसके चलते सुबह 7 से 11 बजे तक पहाड़ी, खंडवा, गुड्डा आनंदपुरा, बड़ी बरथल, छोटी बरथल, अभयपुरा, नहारवाडी, नटवाडा, बायपास व जनता कॉलोनी सहित आस पास के क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

### भागचन्द जैन बने रोटरी सहायक प्रान्त पाल

**मालपुरा,** (निस)। रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रान्त के रक्तदान कमेटी संयोजक भागचन्द जैन को रोटरी सत्र 2025-26 के प्रान्तीय मेन्टर एवं मार्गदर्शक अशोक गुप्ता की अभिषंशा पर रोटरी प्रान्त 3056 की निर्वाचित जिला प्रान्त पाल प्रज्ञा मेहता ने अपनी टीम का विस्तार करते हुये भागचन्द जैन को सहायक प्रान्त पाल के रूप मे मनोनीत किया। भागचन्द जैन की नेतृत्व क्षमता व कार्य कुशलता को देखते हुये यह नवीन जिम्मेदारी सौंपी गई। क्लब परिवार ने जैन के मनोनयन पर हर्ष व्यक्त कर बधाई दी। साथ ही प्रान्त की निर्वाचित गर्वनर प्रज्ञा मेहता का आभार व्यक्त किया।

### जैन सरावगी समाज के अध्यक्ष बने पदमचन्द पाण्डया

**टोंक।** जिले के उनियारा उपखंड के बनेठा कस्बे में सकल दिगम्बर जैन सरावगीयान समाज के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए पदमचन्द पाण्डया एवं मंत्री पद पर हेमचंद सौगाणी को निर्विरोध चुना गया। चुनाव प्रभारी पूरणमल लुहाड़िया ने बताया कि चुनाव के पूर्व साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न मुद्दों पर सहमति व्यक्त की गई। इसके अलावा प्रवीण चन्द पाण्डया ने गतवर्ष का आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया।

### सौंपा ज्ञापन

**निवाई।** उपखंड अधिकारी कार्यालय में सोमवार को नाली तोडक़र अतिक्रमण करने के मामले में उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में सन्तरा देवी ने बताया कि वार्ड नम्बर 34 गली नम्बर 14 में प्रभावशाली व्यक्तियों ने नाली को तोडक़र करीब एक फीट आगे पक्की दिवार का निर्माण कर लिया है जिससे आम रास्ता 16 फीट से कम हो गया है। उन्होंने अतिक्रमण करने की जानकारी नगरपालिका को दी लेकिन उचित कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने एसडीएम से किए गए अतिक्रमण को शीघ्र हटवाने की मांग की है जिससे रास्ते की चौडाई बनी रहे।

### दो दिवसीय राज्य स्तरीय कला उत्सव का शुभारंभ

**अलवर।** राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर द्वारा आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय कला उत्सव सोमवार को चिकानी स्थित लक्ष्मी देवी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कॉलेज में एडीएम शहर बीना महावर, प्रशिक्षु आईएएस सुश्री सोनू कुमारी एवं समग्र शिक्षा जयपुर से अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक डॉ. रौनक बैराकी ने उद्घाटन समारोह का शुभारम्भ किया।

# कलेक्टर ने सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रमों की तैयारियों के लिए निर्देश दिए

**कोटपूतली-बहरोड़।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने मुख्य सचिव सुधांश पंत द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के समस्त अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

कलेक्टर ने बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की विभागवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि राज्य सरकार की मंशानुरूप बजट घोषणाओं की जल्द से जल्द व प्रभावी क्रियान्विति करें जिससे आमजन को बजट घोषणाओं का लाभ मिले सके। कलेक्टर ने बजट घोषणाओं से जुड़े भूमि आवंटन के प्रस्ताव या अन्य कार्यों में आ रही समस्याओं के बारे में अवगत कराने को कहा जिससे उनका समय रहते जल्द निस्तारण हो सके। उन्होंने सरकार के एक वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित होने वाले

जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के समस्त अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

कार्यक्रमों को लेकर राज्य सरकार से मिले दिशा निर्देशों के अनुरूप तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार 12 से 15 दिसंबर तक जिलों में भी विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिसकी तैयारियों से जुड़े कार्य सभी संबंधित विभागीय अधिकारी शुरू करें। जिला कलेक्टर ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप सभी विभाग आवश्यक तैयारियां शुरू कर दें।

- **12 से 15 दिसंबर तक जिलों में भी विविध कार्यक्रमों का होगा आयोजन**

संपर्क पोर्टल सहित विभिन्न आयोगों द्वारा आए हुए प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों का समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग के एवरेज डिस्पोजल टाइम अधिक होने पर नाराजगी जाहिर की तथा उन्हें सभी सीबीईओ के साथ यथाशीघ्र एक मीटिंग का आयोजन करवाने के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामनिवास सहित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## 'अतिक्रमण हटाकर रास्तों को आमजन के लिए खुलवाएं'

**किशनगढ़बास।** जिला कलेक्टर किशोर कुमार की और से जिले में नवाचार कर शुरू किए गए राजस्व सुधार अभियान के तहत सोमवार को किशनगढ़ बास और हरसोली में अभियान के तहत 57 प्रकरणों का निपटारा किया गया। इसमें हरसोली में 25 एवं किशनगढ़ बास में 32 लंबित फाइलों का निस्तारण किया गया। इस दौरान जिला कलेक्टर ने हरसोली कैंप में पहुंचे वहां उन्होंने कार्यालय का निरीक्षण किया और अधिकारियों को रास्तों को अतिक्रमण मुक्त कर खुलवाने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने बताया कि भू0अ0नि0 वृत्त हरसोली में कदीमी रास्तों का रिकार्ड में अंकन/अवरुद्ध रास्तों को खुलवाने के 3 , धारा 91 के तहत विचाराधीन 15 प्रकरणों का निस्तारण व 7 नामान्तरण निर्णित किये गयें। कुल 26 में से 25 प्रकरणों का कैम्प में निस्तारित किया गया।

## गायों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाने में लगी हैं टीम

**मनोहरपुर ।** लंपी बीमारी के दौरान शाहपुरा उपखंड क्षेत्र के कई युवाओं ने पहल करते हुए गौ सेवा करने का बीड़ा उठाया वही उससे पहले ग्रुप बनाकर गायों की सेवा की जा रही थी। दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से धर्मपाल यादव, लोकेश सामोता ने अपने मित्रों के साथ एक अभियान शुरू किया जिसके बाद धीरे-धीरे युवा जुड़ते गए अनाथ निराश्रित गौरक्षा दल शाहपुरा ग्रुप हर समय घायल गोवंश का इलाज करने के लिए आगे आने लगे। ग्रुप के युवा साथियों द्वारा अभी तक 800 गायों को रेडियम बेल्ट लगाए गए हैं,वहीं 400 से अधिक हादसों में घायल होने वाले गोवंश का रेस्क्यू किया गया। व्हाट्सएप पर बनाये हुए गौरक्षा दल शाहपुरा के नाम से ग्रुप के माध्यम से कोई भी घायल बीमार गाय की सूचना मिलते ही सहायता के लिए टीम के सदस्य मौके पर पहुचते है।

शाहपुरा क्षेत्र में गौरक्षा दल शाहपुरा

- **आठ सौ गायों के लगाए रेडियम बेल्ट, 400 की रेस्क्यू कर बचाई जान**

द्वारा अनाथ निराश्रित गायों के लिये गौरक्षा दल शाहपुरा ग्रुप के युवा साथी जिसमें 10 से 20 सदस्य जो रात भर सजग रहते हैं। उपखंड क्षेत्र के 35 किलोमीटर दायरे में घायल गोवंश की जानकारी मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंच जाते हैं। क्षेत्र में कहीं से भी कॉल आने की स्थिति में दल के सदस्य द्वारा पहुंचकर गायों का रेस्क्यू कर उसका इलाज करवाया जाता है। मुख्य रूप से दुर्घटना में रात के समय घायल होने वाली गायों का बेहतरीन तरीके से इलाज कर उसको परमानंद गौशाला खोरी, नारायण दास गौशाला घासीपुरा, उदावाला गौशाला, त्रिवेणी धाम गौशाला में पहुंचाया जाता है।

## 'जीवन में जब भी भगवत नाम सुनने का अवसर प्राप्त हो, विमुख नहीं होना चाहिए'

**पावटा।** कर्मजोहडा रामपुरा खुर्द, बजरंगपुरा आंतेला में नवनिर्मित मंदिर में श्री श्री 1008 भगवान दास महाराज, श्री श्री 1008 भरत दास महाराज, श्री श्री 1008 गोपाल दास महाराज की असीम अनुकंपा व श्री श्री 108 महंत मंगलदास महाराज के सानिंध्य मे सोमवार को कर्मजोहडा सीताराम मंदिर मे भगवान सीताराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा सह श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

कथा के चौथे दिन कथा वाचक वृंदावन से आए महंत सुदर्शनदास महाराज की मधुर वाणी से भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाते हुए कृष्ण जन्म के प्रसंग शुरू होते ही पांडाल में मौजूद श्रद्धालु नंद के घर आनंद भया जय कन्हैयालाल की भजनों के साथ झूम उठे। वहीं श्रद्धालुओं ने

- **श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कृष्ण जन्म की कथा हुई मनाया जन्मोत्सव**

आतिशबाजी कर मक्खन मिश्री के प्रसाद का भोग लगाकर वितरित किया। कथा वाचक वृंदावन धाम महंत सुदर्शनदास महाराज ने कहा कि जीवन में जब भी भगवत नाम सुनने का अवसर प्राप्त हो, उससे विमुख नहीं होना चाहिए। भागवत महापुराण के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन करते हुए बताया कि जब जब धरती पर अधर्म बढता है, तब तब परमात्मा अवतार धारण करके धरती पर धर्म की स्थापना करते हैं। विभिन्न प्रसंगों पर कथा सुनाते हुए कृष्ण जन्म की कथा के पूर्व भगवान राम के अवतार की लीला का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान राम ने आदर्श स्थापित किया है, वह आज भी प्रासंगिक है। राम जन्म, ताडका वध, राम विवाह, वनवास, रावण वध सहित राम राज्याभिषेक पर सुन्दर व्यायान दिया। उन्होंने कहा कि द्वापर में जब कंस के अत्याचार बढे तो श्रीकृष्ण ने अवतार लेकर मुक्ति दिलाई।

वही श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर श्री कृष्ण जन्म की सुंदर झांकी भी निकाली गई कथा स्थल पर उपस्थित श्रद्धालुओं में अपार उत्साह देखने को मिला श्रद्धालु खुशियों से झूमते नजर आए। श्रद्धालुओं के सुंदर भजनों से पांडाल गूंज उठा। कथा स्थल श्रद्धालुओं ने कथा व्यास सुदर्शन महाराज की प्रशंसा करते हुए कहा अयोध्या के आचार्य कथा व्यास राजित राम तिवारी अनुरागी जी के मधुर वाणी प्रभु की पावन अमृत कथा सुनने को मिल रहा है।

## समरावता की घटना को लेकर मीणा समाज ने ज्ञापन सौंपा

**मालपुरा।** बीते दिनो 13 अक्टुम्बर को देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र के समरावता गांव मे हुई घटना को लेकर सोमवार को लाम्बद्ध हुये मीणा समाज के मुख्यमंत्री के नाम टोडारायसिंह प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के दौरान मीणा समाज ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश मीणा, जिला उपाध्यक्ष रंगलाल मीणा, बरवास सरपंच बाबूलाल, पंचायत समिति सदस्य बजरंग पूरक, जिला परिषद सदस्य हंसराज मीणा सहित रामराज

- **मीणा समाज के लोगो ने नारेबाजी करते हुये समरावता की घटना के लिये कलेक्टर व मजिस्ट्रेट पर कार्यवाही की मांग की**

मीणा, महावीर सहित बडी संख्या मे मौजूद मीणा समाज के लोगो ने मुख्यमंत्री से ज्ञापन के माध्यम से मांग करते हुये समरावता की घटना के बाद पुलिस द्वारा की गई बर्बरता पूर्ण कार्यवाही तथा गांव के युवाओं की

मीणा समाज के लोगो ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन ।

जबरन की गई गिरफ्तारियों की कडे शब्दो मे निन्दा करते हुये पकडे गये सभी युवाओं को रिहा कर दर्ज किये गये मुकदमे वापस लेने तथा उक्त घटना मे दोषी अधिकारियो पर कार्यवाही करने की मांग की।

मीणा समाज के लोगो ने जमकर नारेबाजी करते हुये समरावता की घटना के लिये जिला कलेक्टर व एरिया मजिस्ट्रेट पर कार्यवाही की मांग की। वही सोशल मिडिया पर वायरल हुये भरतपुर सांसद संजना जाटव की लेटरपेड पर मुख्यमंत्री को लिखे गये पत्र मे सम्पूर्ण घटनाक्रम मे जिला कलेक्टर व मालपुरा एसडीएम अमित चौधरी पर कार्यवाही की मांग की।

सांसद ने पत्र मे अवगत करवाया कि जिला कलेक्टर द्वारा गंभीर लापरवाही बरती गई। यदि समय रहते कलेक्टर साहेबा मौके पर पहुंच ग्रामीणो से चर्चा कर समझाईश के जरिये प्रक्रिया का निस्तारण करने मे अपनी ड्यूटी निभाती तो इस गंभीर तबाही को रोका जा सकता था। सांसद ने पत्र मे अवगत करवाया कि एरिया मजिस्ट्रेट अमित चौधरी द्वारा जबरन करवाये गये मतदान व घटनाक्रम के लिये नरेश मीणा व ग्रामीणो को उकसाने के जिम्मेदार है। जिनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही की जायें। साथ ही आगजनी व पथराव से हुये आमजन के नुकसान की भरपाई सरकार तत्काल मुआवजा देकर करें।

## क्रिकेट प्रतियोगिता का रंगरण कार्यक्रम के साथ हुआ शुभारंभ

**मनोहरपुरा।** कस्बे के नवलपुरा ग्राम पंचायत के खेल मैदान में रविवार को दोपहर 3 बजे से आईकेएम की ओर से आयोजित होने वाली आरपीएल डे नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ झोटवाड़ा विधायक व केंद्रीय मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौर के मुख्य आतिथ्य और भाजयुमो के पूर्व प्रदेश मंत्री देवायूष सिंह की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि जिला प्रमुख रमा चोपड़ा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा अंकित चेची, भाजपा नेता उपेन यादव, ग्राम पंचायत नवलपुरा की सरपंच सीता देवी, आदिल खान, पूर्व प्रधान शंकर लाल यादव, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष बंशीधर यादव थे। कार्यक्रम का शुभारंभ कर्नल राज्यवर्धन सिंह और आगंतुक अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान राज्यवर्धन सिंह ने शॉट खेलकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कर्नल राजेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा नवलपुर ग्राम पंचायत में स्थित खेल मैदान की कायाकल्प होगी । खेल मैदान में प्राथमिकता के साथ विकास कार्य करवाए जाएंगे उन्होंने बताया कि खेल मैदान के विकास के लिए पूर्व में सांसद कोटे से 7 लाख रुपए और नरेगा से 30 लाख रुपए स्वीकृत किए गए थे। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से परिचय लेते हुए उन्हें पूरे अनुशासन के साथ अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करने को कहा। देवायुष सिंह ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र की खिलाड़ियों में निखार आता है ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन समय-समय पर होना चाहिए उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में इतनी बड़ी प्रतियोगिता कराने पर राज यादव व उनकी टीम को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम को सरपंच सीता देवी भाजपा नेता उपेन यादव ने भी संबोधित कर खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेलते हुए आपस में सौहार्द बनाए रखने की बात कही । प्रतियोगिता के आयोजक राज यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में 32 टीमों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया है। जिनको टेनिस बॉल से खिलाया जाएगा। जिसमें राजस्थान के श्रेष्ठ खिलाड़ी अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 2 लाख 51000 और उपविजेता टीम को 100000 का एक नगद पुरस्कार और आकर्षक ट्रॉफी दी जाएगी। प्रतियोगिता में मैन ऑफ़ द मैच रहने वाले खिलाड़ी को भी पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता के शुभारंभ को लेकर नवलपुर खेल मैदान को रन बिरंगी रोशनी से सजाया गया।

# 'आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित व गुणवत्ता के साथ करें निस्तारण'

**अलवर ।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में आज मिनी सचिवालय सभागार में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

जिला कलक्टर ने राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज परिवेदनाओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि पोर्टल पर दर्ज आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारित करे। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रत्येक अधिकारी प्रतिदिन राजस्थान सम्पर्क पोर्टल का अवलोकन कर परिवेदनाओं का निस्तारण करे। जिला स्तरीय अधिकारी प्रभावी मॉनिटरिंग करें एवं रैण्डम आधार पर निस्तारण की गई परिवेदनाओं के संबंध में परिवादियों से दूरभाष से फीडबैक लेवे। उन्होंने कहा कि आमजन की परिवेदनाओं के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में

कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

लाई जाएगी।

उन्होंने जिले में वायु गुणवत्ता सुधार हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि एनसीआर क्षेत्रा में प्रभावी ग्रेप के दिशा-निर्देशों की जिले में सख्ती से पालना सुनिश्चित करावे। उन्होंने यूआईटी, नगर निगम एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि शहर में पानी का छिडकाव निरन्तर करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि ग्रेप के प्रावधानों के तहत जिले में संनिर्माण जैसी गतिविधियों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है ।

अत: नगर विकास न्यास, नगर निगम एवं अन्य संबंधित विभाग इसकी

- **कलक्टर ने विभागीय बैठक लेकर दिए आवश्यक निर्देश**
- **जिले में सख्ती से करावे ग्रेप के प्रावधानों की पालना**

सख्ती से पालना सुनिश्चित करावे। उन्होंने कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक को निर्देश दिये कि कृषि विभाग के अधिकारी फील्ड में रहकर किसानों को जागरूक करें तथा सुनिश्चित करावे कि फसल के अवशिष्ट नहीं जलाए जावे। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि सुनिश्चित करावे कि शहर में कचरा नहीं जले। उन्होंने निर्देश दिये कि कार्य योजना के अनुरूप शहर में चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में पौधारोपण एवं अन्य निरोधात्मक गतिविधियों पर कार्य करें।

## आमेर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया

**आमेर।** तहसील में आदिवासी मीणा सेवा संघ के तत्वावधान में तहसील अध्यक्ष कानाराम मीणा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में युवा नेता रूपनारायण मीणा ने 13 तारीख को समरावता में हुई संपूर्ण घटनाक्रम का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने मांग की कि इस घटनाक्रम की न्यायिक जांच करवाई जाए ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों को दंडित किया जा सके। इसके साथ ही उनियारा में पुलिस द्वारा की गई बर्बरता की भी कड़ी निंदा की गई। सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सोमवार को दोपहर 12 बजे आमेर में एकत्र होकर एकजुटता प्रदर्शित की। इस दौरान उन्होंने उपखंड अधिकारी के माध्यम से राजस्थान के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में कई महत्वपूर्ण मांगें रखी गईं। सर्व समाज की मुख्य मांगों में से एक यह थी कि नरेश मीणा को जल्द से जल्द रिहा किया जाए। इसके अलावा, ग्रामीणों के आर्थिक नुकसान का मुआवजा दिए जाने की भी मांग की गई।

## सार-समाचार

### सांभर में हेरिटेज के लायक संपत्तियों को सरकार की मेहरबानी का इंतजार

**सांभरझील।** विभिन्न संस्कृतियों का संगम स्थल सांभर झील नगरी में दैत्य गुरु शुक्राचार्य की पुत्री देवयानी के नाम से सरोवर को तीर्थ स्थल के रूप में देशभर में मान्यता प्राप्त है। चौहान शासको की कुलदेवी मां शाकंभरी का अति प्राचीन मंदिर, संत दादू दयाल की तपोभूमि, देश की एकमात्र मुख्य पीठ सिंधी समाज का साथ पुरसनाराम दरबार, अजमेर ख्वाजा साहब के सगे लाडले पोते ख्वाजा हुसामुद्दीन चिश्ती की मजार (दरगाह ) इसके अलावा बहुत से धार्मिक स्थल इसके वजूद को कायम रखे हुए हैं। इसके वजूद को नष्ट होने से बचाने के लिए 1952 से लेकर आज तक जितने भी सांसद व विधायक बने उनकी लापरवाही और उदासीनता ही इसके पतन का मुख्य कारण रहा है। अंग्रेजों व राजा महाराजाओं की ऐतिहासिक इमारते जो हेरिटेज के लायक है, नालायक राजनेताओ के कारण खंडहरों में तब्दील हो रही है। पुराना जेल भवन, पुराना एसडीएम कोर्ट, दरगाह के नजदीक पुराना तहसील भवन, पुरानी कोतवाली का भवन, पुराने न्यायिक भवन व पुराना कोर्ट परिसर स्थित प्राचीन सिद्ध गणेश मंदिर का भवन, प्राचीन विशाल दरवाजा देखरेख के अभाव में जर्जर होकर खंडहरों में तब्दील होते जा रहे हैं। तत्कालीन मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने एक दफा हेरिटेज में लायक संपत्तियों की सूची तैयार कर उन्हें पुन: इस लायक बनाए जाने का मन बनाया था लेकिन लालफीताशाही में यह सब कुछ दबकर दफन हो गया। सांभर की संपन्नता को किसका श्राप लगा यह तो पता नहीं है लेकिन बताया तो यह भी जाता है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री मोहनलाल सुखाड़िया के सांभर आने के दौरान उनके साथ कथित राजनीतिक दुर्व्यवहार से उनकी भावनाएं काफी आहत हुई और तभी से इस सांभर के पतन का क्रम चलता आ रहा है जिसके थमने का सिलसिला आज भी खत्म नहीं हुआ है। यहां की लोकल लीडरशिप हर राजनीतिक पार्टियों की इतनी थर्ड क्लास है की उनकी कहीं चलती नहीं है। यही कारण है कि आम जनता की आस अब यहां की हेरिटेज के लायक तमाम इमारतों के रखरखाव के अलावा विकास के दृष्टिकोण से सरकार की मेहरबानी के अलावा प्रशासनिक सक्रियता के इंतजार पर टिकी हुई है।

### एस.डी.एम. को सोंपा ज्ञापन

**बौंली-बामनवास।** टोंक जिले के अलीगढ़ गांव में बुधवार 14 नवंबर 24 निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा के समर्थकों व सड़क मार्ग अवरुद्ध कर रहे प्रदर्शनकारी एवं उपद्रवी भीड़ द्वारा पीटीआई के स्थानीय संवाददाता अजीत सिंह शेखावत एवं उनके कैमरामैन धर्मेंद्र पर हमला कर कैमरा व उपकरण तोड़ देने के विरोध में सोमवार 18 नवंबर को सवाई माधोपुर आईएफडब्ल्यूजे के सवाई माधोपुर जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं वरिष्ठ पत्रकार अजय शेखर शर्मा व बौंली एवं मलारना डूंगर के मुख्य संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार श्रद्धा ओम त्रिवेदी एवं संगठन के संयोजक आशीष मित्तल ने बौंली उपखंड कार्यालय पर एसडीएम चंद्र प्रकाश वर्मा को राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सोंपा। ज्ञापन को उसी समय एसडीएम चंद्र प्रकाश वर्मा ने अपने पीए को निर्देश देकर मुख्यमंत्री के नाम मेल करा दिया। ज्ञापन में पत्रकारों पर हुए हमले एवं पूरी घटनाक्रम का उल्लेख करते हुए उनके उपकरण की भरपाई करने एवं उपद्रवियों को सख्त सजा दिलाए जाने की मांग अंकित है। एवं बौंली उपखंड के पत्रकारों ने कहा कि इस प्रकार की घटना पूरे भारतवर्ष में कहीं नहीं जहां पत्रकारों को टारगेट करके हमला किया हो गया हो इसका पत्रकार संगठन विशेष विरोध करता है एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री से हमलावर उपद्रवियों को गिरफ्तार कर सख्त सजा दिलाने एवं कैमरा व उपकरणों की भरपाई हेतु आर्थिक सहयोग करने की मांग करता है इसी के साथ संगठन ने ज्ञापन में पत्रकार सुरक्षा कानून को तुरंत लागू करने की मांग की है।

### महायज्ञ पूर्णाहुति के साथ समापन

**मनोहरपुर ।** शाहपुरा के समीप खोरा श्याम दास गांव में बड़ा कुआ ढाणी में अमरसर धाम के श्री श्री 1008 प्रेमगिरी महाराज के सानिध्य और महायज्ञ के आचार्य कामनाथ शास्त्री धवली वालो के आचार्यत्व में चल रहे श्री महाकाली मूर्ति प्राणप्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में चल रहे श्री 21 कुण्डात्मक महाकाली महायज्ञ का पूर्णाहुति के साथ महायज्ञ का समापन हुआ। महायज्ञ के उपाचार्य वैदिक रमाकान्त टीलावत (खोरी वाले ) ने बताया कि सोमवार को आवाहित देवताओं का पूजन,अर्चन के साथ महायज्ञ में वैदिक मंत्रों से विद्वानों द्वारा रुद्र सूक्त, नर्वाण मन्त्र, श्रीसूक्त की यजमानों ने आहुति दिलवाई गयी।क्षेत्रपाल की बलि देकर पूर्णाहुति सम्पन्न हुई। कई साधु संतों ने पूर्णाहुति में भाग लिया।आचार्य कामनाथ शास्त्री ने महायज्ञ का यजमानो ने पूजन अर्चन वस्त्र देकर आशीर्वाद लिया। महायज्ञ के विद्वान श्रीराम शर्मा ने बताया कि सोमवार को महाकाली माताजी की मूर्ति की प्राणप्रतिष्ठा, हनुमानजी की,शिव परिवार, के साथ महायज्ञ की पूर्णाहुति दोपहर 12:15 सम्पन्न हुई। विशाल भंडारा दोपहर 2 बजे से आयोजित हुआ। भंडारे में हजारों भक्तों ने पंगत प्रसादी ग्रहण करी।

### किसानों में खुशी की लहर

**पीपलू।** उपखंड क्षेत्र लाइफ लाइन माने जाने वाले माशी बांध से सोमवार को विधिवत पूजा अर्चना के बाद मोरी के वॉल्व खोलकर मुख्य नहर में रबी फसल की सिंचाई हेतु पानी छोड़ा गया है। जिससे किसानों में खुशी की लहर दोड़ गई। जलसंसाधन विभाग सहायक अभियंता कानाराम गुर्जर व कनिष्ठ अभियंता मुकेश गुर्जर ने बताया कि नहर संगम अध्यक्ष चेयरमैन भागचंद गुर्जर, अध्यक्ष रतनलाल चौधरी, सलीम देशवाली, नाथड़ी जीएसएस अध्यक्ष हीरालाल गुर्जर, बन्नालाल गुर्जर, गिर्राज गुर्जर ढूंढिया व सीआर रामफूल गुर्जर सहित कई किसानों की मौजूदगी में विधिवत पूजा अर्चना करके मुख्य नहर में पानी छोड़ा गया। किसानों को जल का समुचित उपयोग करने की सलाह दी गई। उन्होंने कहा कि इस बार बांध में 10 फीट भराव क्षमता के मुताबिक 9 फीट 10 इंच पानी है। 1700 एमसीएफटी पानी है जो टेल तक आसानी से पहुंचेगा। उन्होंने बताया कि नहर से क्षेत्र के 29 गांवों के कमांड क्षेत्र की 6985 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। नहर का पानी टेल तक पहुंचने में करीब 5 दिन का समय लगेगा। मासी बांध से पीपलू क्षेत्र में गहलोद तक 42.18 किलोमीटर लम्बी मुख्य नहर व 09 वितरिकाएं 28.65 किलोमीटर लंबी है। जिनसे हजारों किसानों के रबी फसलों की सिंचाई होती है।

### गलवा बांध से सिंचाई के लिए पानी छोड़ा

**टोंक।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा की अध्यक्षता में सोमवार को कृषि मंडी परिसर उनियारा में जिले के गलवा बांध से रबी वर्ष 2024-25 की फसल के लिए सिंचाई का पानी उपलब्ध कराने को लेकर जल वितरण समिति की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान अतिरिक्त संभागीय आयुक्त अजमेर दीप्ति शर्मा मौजूद रही। बैठक में जिला कलेक्टर को जल उपयोक्ता संगम एवं क्षेत्र के किसानों ने बांध की नहर खोलने को लेकर अपने सुझाव दिये। किसानों की सहमति से गलवा बांध से सोमवार को दोपहर तीन बजे सिंचाई का पानी देने के लिए छोड़ा गया। इससे ग्रामीण बेहद खुश नजर आए। जल संसाधन विभाग के अधिशाषी अभियंता ने बताया कि वर्तमान में गलवा बांध में 19 फिट 8 इंच पानी उपलब्ध है। जिससे तहसील उनियारा के 35 गांवों की 12915.09 हेक्टेयर भूमि एवं सवाई माधोपुर जिले के ग्राम पावाडेरा की 475.91 हेक्टेयर कुल 13391 हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। इस परियोजना की मुख्य नहर 39.32 किमी 1 ब्रांच एवं 7 माईनर सिस्टम की कुल लंबाई 107.44 किमी है।

### कलेक्टर ने ली बैठक

**खैरथल।** खैरथल तिजारा जिला सचिवालय पर जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में सरकार के 1 वर्ष पूरे होने पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों व बजट घोषणाओं की प्रगति को लेकर साप्ताहिक समीक्षा बैठक रखी गई। बैठक में जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप जल्द से जल्द प्रभावी क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। जिससे बजट घोषणाओं का लाभ लोगों को मिल सकें।खैरथल तिजारा जिला सचिवालय पर आयोजित बैठक में जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने अधिकारियों की बैठक लेते हुए कहा सरकार के एक वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर राज्य सरकार के दिशा निर्देशों के अनुरूप तैयारियां करने के निर्देश दिए।

### अंतरजातीय दहेज मुक्त हुई शादी